आकाशवाणी श्री विजयपुरम

05.03.2025 समय : 1850

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रोजगार सृजन पर बजट उपरान्त वेबिनार को संबोधित किया। कहा– सरकार ने लोगों, अर्थव्यवस्था, नवाचार और निवेश को एकसमान प्राथमिकता दी।

- सरकार ने महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से आदर्श महिला–अनुकूल ग्राम पंचायत पहल की शुरूआत की।

- नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी का चार दिवसीय अंडमान निकोबार कमान का दौरा सम्पन्न।

- श्री विजयपुरम से हर गुरूवार को लिटिल अंडमान के लिए स्पीड बोट की सेवा उपलब्ध।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार ने निवेश में बुनियादी ढांचे तथा उद्योगों को जितनी प्राथमिकता दी है, उतनी ही प्राथमिकता लोगों, अर्थव्यवस्था और नवाचार को भी दी है। रोजगार पर बजट के बाद एक वेबिनार को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोगों में निवेश का लक्ष्य तीन स्तंभों शिक्षा, कौशल और स्वास्थ्य सेवा पर टिका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक टेलीमेडिसिन की सुविधा का विस्तार किया जा रहा है। डे–केयर कैंसर केंद्रों और डिजिटल स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे के माध्यम से सरकार गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा को अंतिम छोर तक ले जाना चाहती है। उन्होंने कहा कि वेबिनार के विषय लोगों, अर्थव्यवस्था और नवाचार में निवेश विकसित भारत के रोडमैप को परिभाषित करते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बजट में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई फैसले लिये गए हैं। जिससे भारत एआई क्षमताओं को विकसित करने के लिए राष्ट्रीय वृहद भाषा मॉडल स्थापित करेगा।

<><><><><><>

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार ने पशुधन स्वास्थ्य और रोग निवारण के लिए तीन हजार आठ सौ अस्सी करोड़ रुपये की लागत से निर्णय किए हैं। उन्होंने कहा कि टीकाकरण इस कार्यक्रम का प्रमुख क्षेत्र होगा। उन्होंने कहा कि इससे किसानों को मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि पशु औषधि के माध्यम से अच्छी गुणवत्ता वाली और सस्ती जेनेरिक पशु चिकित्सा दवा उपलब्ध कराई जाएगी।

<><><><><><>

पंचायती राज राज्य मंत्री एस. पी. सिंह बघेल तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने आज नई दिल्ली में आयोजित एक राष्ट्रीय सम्मेलन में पंचायती राज मंत्रालय की आदर्श महिला–अनुकूल ग्राम पंचायत पहल की शुरुआत की। यह पहल मंत्रालय के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस दो हजार पच्चीस समारोह का एक हिस्सा है। इसका उद्देश्य प्रत्येक जिले में कम से कम एक आदर्श महिला–अनुकूल ग्राम पंचायत की स्थापना करना है। इस कार्यक्रम में विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं।

<><><><><><>

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी और नवा की अध्यक्ष शशि त्रिपाठी ने एक से चार मार्च तक अंडमान निकोबार कमान का दौरा किया। श्री विजयपुरम पहुंचने पर, कमान के कमांडर–इन–चीफ एयर मार्शल साजू बालाकृष्णन ने उनका स्वागत किया और आई एन एस उत्क्रोश पर उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद नौसेना प्रमुख ने कमान मुख्यालय का दौरा किया, जहां उन्हें कमान की भूमिका और परिचालन तत्परता के बारे में जानकारी दी गई। अपने दौरे के दौरान उन्होंने उप–राज्यपाल एडमिरल डीके जोशी, से भी मुलाकात की। उन्होंने आई एन एस कोहासा का दौरा किया, जहां नौसेना कर्मियों के साथ बातचीत की और एम ए एफ आई चरण–एक का उद्घाटन किया। नौसेना प्रमुख ने कार निकोबार में एयर फोर्स स्टेशन का दौरा किया, जहां उन्होंने सुनामी स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने आई एन एस कारदीप का दौरा किया, जहां उन्होंने नाविकों से बातचीत की और वहां रहने वाले कर्मियों के लिए नाविकों के आवास 'कैलाश' का उद्घाटन किया। बुनियादी ढांचे और कल्याण पहल के तहत नौसेना प्रमुख ने फीनिक्स बे में 'नंदा हॉल' नामक एक नौसेना मॉडल कॉम्प्लेक्स की आधारशिला रखी, जो नौसेना विमानन के इतिहास और नौसेना जहाज निर्माण क्षमताओं के विकास को प्रदर्शित करेगा। इसके अतिरिक्त, विजय बाग में पच्चीस प्री–फैब ड्वेलिंग यूनिट्स का उद्घाटन किया गया, जो श्री विजयपुरम में नाविकों के लिए बहुत जरूरी पारगमन आवास प्रदान करते हैं।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान की जिला टीबी इकाई ने सक्रिय टीबी केस फाइंडिंग सर्वेक्षण शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य टीबी के मामलों का जल्द पता लगाना और उनका उपचार करना है, जिससे समुदाय में बीमारी के प्रसार को रोका जा सके। इस व्यापक अभियान में आशा कार्यकर्ता और प्रशिक्षित स्वयंसेवकों द्वारा जिले भर में घर–घर जाकर लोगों की टीबी के प्रमुख लक्षणों की व्यवस्थित जांच की जाएगी। टीबी नियंत्रण में प्रारंभिक निदान एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि प्रभावित व्यक्तियों को समय पर चिकित्सा सहायता मिले और साथ ही संक्रमण के जोखिम को कम किया जा सके। यह पहल टीबी उन्मूलन के उद्देश्य को हासिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य और सामुदायिक कल्याण को बढ़ाता है। दक्षिण अंडमान जिले के निवासियों को भी स्क्रीनिंग में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

<><><><><><>

राष्ट्रीय बधिरता रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ओर से कल से तेरह मार्च तक मध्योत्तर अंडमान में आई ई सी और ई एन टी स्क्रीनिंग, विकलांगता शिविर और नवजात श्रवण स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया जाएगा। कल प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कदमतला, सात मार्च को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बाराटांग, आठ मार्च को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रंगत, दस मार्च को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डिगलीपुर, ग्यारह मार्च को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कालीघाट, बारह मार्च को डॉ. राजेन्द्र प्रसाद अस्पताल मायाबंदर और तेरह मार्च को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बिल्लीग्राउंड में शिविर लगेगा।

<><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय ने लिटिल अण्डमान के लिए एक अतिरिक्त जलयान सेवा शुरू की है। कल से हर गुरुवार को पचहत्तर से सौ यात्री क्षमता वाली स्पीड बोट सेवा संचालित होगी। यह जहाज फीनिक्स बे जेटी से सुबह छः बजकर पन्द्रह मिनट पर रवाना होगा और उसी दिन दोपहर एक बजे लिटिल अण्डमान से श्री विजयपुरम वापस आएगा। इस पहल का उद्देश्य लिटिल अण्डमान के निवासियों और आगंतुकों के लिए सुविधा में सुधार करना है। वर्तमान में लिटिल अण्डमान के लिए मंगलवार, शुक्रवार और रविवार को तीन साप्ताहिक यात्राएँ संचालित हैं।

<><><><><><><>

दक्षिण अण्डमान जिला मजिस्ट्रेट ने प्रातरापुर में इन्वेंट पब्लिक स्कूल के सामने लिंक रोड को 'वन वे' घोषित किया है। सार्वजनिक सुरक्षा और सड़क दक्षता के हित में और यातायात शाखा के सुझाव को ध्यान में रखते हुए, यह निर्णय लिया गया है।

<><><><><><><>

ईसाई समुदाय का लेंट का पवित्र महीना आज से शुरू हो गया है। इस दौरान अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के कई गिरजाघरों में प्रार्थना सभाएँ आयोजित की गई। लोगों ने प्रभु यीशु का स्मरण किया और पश्चाताप के प्रतीक राख प्राप्त करने की परंपरा में भाग लिया। श्री विजयपुरम के रोमन कैथलिक चर्च सहित अन्य चर्चों में भी विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई। इसमें सैकड़ों भक्त शामिल हुए। लेंट का महीना करीब चालीस दिन का होता है। यह प्रभु यीशु के स्मरण का समय होता है। लेंट का अंतिम सप्ताह अप्रैल में शुरू होगा, जिसमें "वे ऑफ द क्रॉस" शामिल होगा।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित हिन्दी साहित्य कला परिषद की ओर से महाकवि गोस्वामी तुलसीदास के श्री रामचरित मानस पर कल से बारह मार्च तक व्याख्यान माला का आयोजन किया जाएगा। शाम साढ़े पांच से आठ बजे तक हिन्दी भवन में यह कार्यक्रम आयोजित होगा।

<><><><><><><>